an>

Title: Regarding giving constitutional status to OBC Commission.

**श्री राजीव सातव (हिंगोली) :** अध्यक्षा जी, चार दिन पहले ओबीसी कमेटी के चयरमैन और हम सभी सदस्य आदरणीय प्रधानमंत्री जी से मिले थे और उनसे हमने विनती की थी कि ओबीसी के कमीशन को कंस्टीटयूशनल स्टेट्स दिया जाए और ओबीसी मंत्रालय का निर्माण किया जाए और क्रीमिलीयर की मर्यादा बढ़ाई जाए। कल हमने न्यूजपेपर और नयूज चैनल में सुना है कि ओबीसी कमीशन को कंस्टीटयूशनल स्टेट्स देने का मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि सरकार ने जो निर्णय लिया है उसके बारे में सदन को अवगत कराएं।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री गणेश सिंह को श्री राजीव सातव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।